हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 24 जुलाई 2025

09 जिले में सुबह की धूप से शुरुआत... सूरज ढलते...

10 सांसी समुदाय के 36 लोगों ने आत्मसमर्पण कर थामा समाज की मुख्यधारा...

खबर संक्षेप

वार्ड-32 के रहवासियों ने कलेक्टर निवास घेरा

गुना। वार्ड 32 की नीलकंठ और चौरसिया कॉलोनी में एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति बंद होने से नाराज रहवासियों ने बुधवार को कलेक्टर निवास पहुंचकर प्रदर्शन किया। रहवासियों का आरोप था कि बिजली कंपनी कॉलोनी को अवैध बताकर बिजली काट चुकी है, जिससे पीने के पानी तक का संकट खड़ा हो गया है। प्रदर्शन की जानकारी लगते ही मौके पर तहसीलदार और पुलिस बल पहुंचे। बाद में कलेक्टर किशोर कन्याल बाहर आए और प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर उनकी समस्या गंभीरता से सुनी। उन्होंने तत्काल तहसीलदार को निर्देश दिए कि बिजली कंपनी से बात कर अस्थाई रूप से बिजली बहाल कराई जाए। कलेक्टर ने भरोसा दिलाया कि गुरुवार को बिजली कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थायी समाधान निकाला जाएगा।

पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा देंगी नवांकुर सखी

राघोगढ़। पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा प्रदान करेंगी नवांकुर सखी उक्त वक्तव्य मप्र जन अभियान परिषद ग्वालियर के संभाग समन्वयक सुशील बरुआ द्वारा अपने राघौगढ़ प्रवास के दौरान अपने संबोधन में व्यक्त किये नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में परिषद में पंजीकृत महिलाओं को पौधा वितरित कर उसको सहेजने हेतु प्रेरित किया जिला समन्वयक मंजूषा सोलोमन द्वारा उपस्थित नवांकुर सखियों से योजना की प्रगति की समीक्षा की। ब्लॉक समन्वयक लोकेंद्र सिंह द्वारा अपना प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया ओर नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के रूट प्लान से अवगत कराया गया। संगोष्ठि के उपरांत परिसर में आम बेल पत्र अशोक अमरूद को पौधे रोपित किये गए व वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण का महत्व बताया और जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण करने की अपील की। राघौगढ़ सेक्टर न.1 के प्रभारी मंगल सेवा समिति के सुरेश केवट ने आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में नवांकुर सखी सपना साहू व अर्चना जादौन द्वारा कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान किया।

श्रीदास हनुमान मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मना

आरोन। नगर के श्रद्धालुजनों की आस्था का प्रमुख केंद्र श्री दास हनुमान मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। कथा व्यास पंडित श्री आशीष भार्गव ने अपनी सरस, मधुर एवं भावविभोर कर देने वाली वाणी में भक्त प्रह्लाद की चरित्र कथा, हरि अवतार, वामन अवतार तथा कृष्ण जन्म लीला का वर्णन किया। उनके द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण प्रवचनों ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। भजनों की मधुर स्वर लहरियों ने भी वातावरण को भक्तिमय बना दिया। तबले पर राजेश दाती की संगत और कोरस पर मुकेश जैन के साथ हारमोनियम पर चंदन सिंह की मधुर संगति ने भजनों को और प्रभावशाली बना दिया। श्रोतागण मंत्रमुग्ध होकर भजनों पर झूमने को विवश हो गए। पूजा-अर्चना श्री रजनीश भार्गव एवं श्री महेश भार्गव द्वारा श्रद्धा पूर्वक संपन्न कराया जा रहा है। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु नियमित रूप से प्रातः 8 से 10 बजे तक एवं रात्रि 8 से 10 बजे तक कथा श्रवण कर रहे हैं।

स्थानीय बच्चों ने दी पुलिस को सूचना, आखिरी बार नदी के पास घूमते देखा

निजी बैंक सेल्स मैनेजर के सिंध में बहने की आशंका पर एसडीईआरएफ की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुना

शहर के एक निजी बैंक में कार्यरत सेल्स मैनेजर के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। आखिरी बार उन्हें सिंध नदी के पास देखा गया था, जहां कुछ स्थानीय बच्चों ने पुलिस को जानकारी दी कि उन्होंने एक व्यक्ति को पानी में बहते हुए देखा है। इसी सूचना के आधार पर एसडीईआरएफ की टीम ने नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यू सिटी कॉलोनी निवासी सत्यदेव

मिश्रा, जो कि एक निजी बैंक में सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं, मंगलवार सुबह रोजाना की तरह बैंक पहुंचे और वहां एक बैठक में शामिल हुए। इसके बाद वह दोपहर लगभग 12 बजे घर लौटे और भोजन करने के बाद फिर से बैंक चले गए। दोपहर के समय वह बैंक में अपना मोबाइल और अन्य निजी सामान छोड़कर एक स्टाफ सदस्य से 30 रुपये लेकर निकले। उन्होंने यह बताया कि उन्हें अशोकनगर जाना है। लेकिन इसके बाद वे न तो वापस लौटे और न ही किसी को कोई सूचना दी।

जब देर शाम तक उनकी कोई खबर नहीं मिली तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। मोबाइल मिलाने पर पता चला कि वह बैंक में ही रह गया है, जिसे बैंक स्टाफ ने घर भिजवा दिया। परिजनों ने बुधवार सुबह थाने पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस द्वारा की गई शुरुआती जांच में पता चला कि सत्यदेव मिश्रा ने बस से सफर किया था, लेकिन सिंध नदी के पहले ही उतर गए थे। कुछ बच्चों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने एक व्यक्ति को नदी में बहते हुए देखा था।

8 हजार नकद, एलईडी टीवी, मोबाइल और कूलर सहित कीमती सामान पार

गुना । शहर के कैंट थाना अंतर्गत बिलौनिया क्षेत्र स्थित एक वाटर प्लांट में अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर प्लांट के मुख्य द्वार और कार्यालय के ताले तोड़कर भीतर घुसे और वहां से नकद राशि, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। इस संबंध में फरियादी सौरभ सैनी निवासी न्यू सिटी कॉलोनी गुना ने कैंट थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनका विध्या अमृत वाटर प्लांट बिलौनिया में स्थित है, जहां चौकीदारी का कार्य निहाल सिंह यादव करता है।



सड़क दुर्घटना में छात्रा की मौत, एक घायल

गुना। फतेहगढ़ थाना अंतर्गत कांसल चौराहे पर घटित सड़क हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई वहीं एक गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी मिली है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छात्राएं स्कूल से वापस घर लोट रहीं थीं, वह स्कूटी पर सवार थीं, जिसकी किसी वाहन से टक्कर हो गई। घटनाक्रम दोपहर करीब 1 बजे के आसपास का बताया जा रहा है।

पीएम आवास कॉलोनी में कार ने मारी एक्टिवा में टक्कर, युवक घायल

गुना। प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी में बुधवार सुबह करीब 11 बजे कॉलोनी के मुख्य चौराहे पर कार और एक्टिवा में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक्टिवा सवार युवक घायल हो गया, जिसे तत्काल 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया।स्थानीय रहवासियों का कहना है कि इस चौराहे पर चारों दिशाओं से तेज गति से वाहन आते जाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। यहां डिवाइडर बनाए जाने की मांग कई बार नगर पालिका और संबंधित विभागों से की जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।रहवासियों ने आरोप लगाया कि जब भी वे संभावित हादसों को लेकर शिकायत करते हैं, तो जिम्मेदार अधिकारी न तो मौके पर आते हैं और न ही कॉल रिसीव करते हैं।लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में शीघ्र डिवाइडर का निर्माण कराया जाए ताकि भविष्य में होने वाली गंभीर दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

शहर के सौंदर्यकरण को लेकर उठे सवाल

जो काम नपा पहले से कर रही उसे अब समिति देगी सलाह!

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुना

शहर के सौंदर्यकरण और विकास कार्यों के लिए सलाह देने वाली समिति में क्षेत्रीय विधायक को स्थान न मिलाना और ग्रामीण इलाकों की राजनीति करने वाले लोगों को जिम्मेदारी सौंप देना लोगों के गले नहीं उतर रहा ।खासकर भाजपा में इसे लेकर अंदरुनी द्वंद दिखाई दे रहा है, शहर में भी इस समिति को लेकर तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसमें लोगों को समिति के सदस्यों के चयन का मापदंड समझ नहीं आ रहा कुछ लोगों ने तो समिति के औचित्य पर ही सवाल उठा दिए हैं। कुल मिलाकर यह मामला लोगों के बीच चर्चाओं का विषय बना हुआ है कि एक विशेष लॉबी को ही समिति में स्थान दिया गया है बाकी अन्य जागरूक और शहर विकास के लिए विशेष योग्यता रखने वाले लोगों को नजर अंदाज कर दिया गया।

यह है पूरा मामला

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने गत दिवस अपनी अध्यक्षता में एक समिति घोषित की है, जिसका आदेश खुद उन्होंने अपने हस्ताक्षर से ही जारी किया है। उक्त समिति के गठन संबंधी आदेश में इसके लिए दिशा की बैठक में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा दिए गए निर्देश का हवाला भी दिया गया है। इस समिति में गुना नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा, नपा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सारिका लुंबा, व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, नीरज निगम, रविन्द्र रघुवंशी टिल्लू, विठ्ठल दास मीना के साथ ही गुना नपा के सीएमओ और सहायक यंत्री को भी सदस्य बनाया गया है। उक्त समिति गुना नगर के सौंदर्यकरण, प्रवेश द्वारों के नामकरण, विभिन्न स्थानों पर बनने वाले सेल्फी पॉइंट्स निर्माण, सड़क निर्माण एवं टेकरी लोक निर्माण हेतु सुझाव देगी।

नगर पालिका पहले से ही कर रही है यह सब

नगर पालिका अध्यक्ष से मिली जानकारी के अनुसार जिन कार्यों के लिए उक्त समिति के गठन किया गया है, उनमें से सेल्फी पॉइंट्स, प्रवेश द्वार आदि के कागजी कार्य को गुना नपा पहले ही पूरा कर चुकी है, यही नहीं इन कार्यों के लिए एजेंसी भी निर्धारित की जा चुकी है। इन सभी प्रोजेक्ट्स की जानकारी भी 6 माह पूर्व ही श्री सिंधिया की निगाह में लाने के साथ ही उन्हें विस्तृत प्रोजेक्ट फाइल भी खुद नपाध्यक्ष द्वारा दी जा चुकी है।

मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को मिला सहारा, अपना घर आश्रम शिवपुरी में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुना

समाजसेवी प्रमोद भार्गव को बुधवार को कुम्भराज क्षेत्र में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति के भटकने की सूचना मिली। तुरंत सक्रिय होते हुए वे मौके पर पहुँचे और उक्त व्यक्ति को गुना लाकर प्राथमिक काउंसलिंग कराई गई। मानसिक स्थिति कमजोर होने के कारण व्यक्ति अपनी पहचान और निवास स्थान की कोई जानकारी नहीं दे सके, पर ये भी किसी के यहाँ बंधक रूप मे काम करते थे,

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रमोद भार्गव ने उसे शिवपुरी स्थित अपना घर आश्रम में भर्ती कराया, जहाँ ऐसे जरूरतमंदों को

भोजन, चिकित्सा व देखभाल की सुविधाएँ दी जाती हैं।

यह कोई पहला मामला नहीं है। प्रमोद भार्गव इससे पहले भी जिला प्रशासन के सहयोग से सैकड़ों बंधुआ मजदूरों को मुक्त करा चुके हैं। उनके प्रयासों से न केवल लोगों को बंधन से मुक्ति मिली, बल्कि मानसिक रूप से विक्षिप्त या बेसहारा लोगों को भी पुनर्वास का अवसर मिला है।

इस अभियान के तहत कई लोग अब अपने आप भी आश्रय के लिए पहुँच रहे हैं। ऐसे लोगों को भी अपना घर आश्रम में सुरक्षित स्थान दिया जाता है। आश्रम द्वारा बाद में उनके परिजनों की खोज की जाती है और अब तक देश के कई राज्यों से सैकड़ों परिवारों को उनके बिछुड़े हुए सदस्य मिल चुके हैं।

समाजसेवी प्रमोद भार्गव का यह प्रयास समाज के उन वर्गों के लिए एक नई उम्मीद बनकर सामने आ रहा है, जिन्हें लंबे समय से नजरअंदाज किया जाता रहा है। मुहिम आगे भी जारी रहेगी।

नगर परिषद सक्रिय, प्रशासन सतर्क झ्र 25 जुलाई को मुख्यमंत्री का प्रस्तावित कार्यक्रम

सीएम के दौरे की तैयारी तेज बीनागंज में चला बुलडोजर, कब्जे हटाने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चाचौड़ा

मुख्यमंत्री मोहन यादव के 25 जुलाई को प्रस्तावित दौरे को लेकर बीनागंज नगर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। प्रशासनिक अमला पूरी तरह अलर्ट मोड में है। नगर परिषद और प्रशासन की टीमों ने कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों को व्यवस्थित और व्यवधानमुक्त बनाने के लिए अतिक्रमण विरोधी मुहिम तेज कर दी है।

निचला बाजार बना निशाना

सीएम के रूट क्लियरेंस को लेकर नगर परिषद की टीम ने निचले बाजार क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे किए गए अस्थायी और स्थायी अतिक्रमण हटाए।

राजीव चौराहा से लेकर शिवानी होटल तक कई ठेलों, गुमटियों को हटाया जाएगा सब्जी विक्रेताओं को भी अस्थायी रूप से हटाया गया ताकि मुख्यमंत्री के स्वागत में कोई बाधा न आए।

टेंट लगाने का काम शुरू, हेलीपेड का निरीक्षण भी पूरा

मुख्यमंत्री का कार्यक्रम बीनागंज कृषि उपज मंडी प्रांगण में प्रस्तावित है, जहां टेंट, मंच एवं बैठने की व्यवस्थाएं शुरू हो चुकी हैं। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्थल का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है। गुना कलेक्टर श्री किशोर कन्याल एवं चाचौड़ा एसडीएम श्री रवि मालवीय ने हेलीपेड स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्थानीय नागरिकों की मानें तो अतिक्रमण के कारण बीनागंज में रोजाना ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और आमजन को भारी परेशानी होती है। अब जब मुख्यमंत्री का दौरा प्रस्तावित है, तो यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या यह अतिक्रमण मुहिम केवल वीआईपी मूवमेंट तक ही सीमित रहेगी या वास्तव में बीनागंज को स्थायी रूप से अतिक्रमणमुक्त बनाया जाएगा?

पूर्व में भी हटे हैं अतिक्रमण, फिर लौट आए

यह कोई पहला मौका नहीं है जब प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की हो। पूर्व में भी कई बार अतिक्रमण हटाए गए, लेकिन कुछ ही समय बाद दोबारा वहीं हालात बन जाते हैं। इस बार जनता को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री के आगमन के बाद यह व्यवस्था स्थायी रूप लेगी।

पढ़ाई से वंचित दो बहनों को फिर से मिला शिक्षा का अधिकार

ग्राम पंचायत भादौर में गांधी फेलो की पहल से सम्भव हुआ पुनः नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आरोन

ग्राम पंचायत भादौर निवासी श्री लल्लू रघुवंशी की दो पुत्रियां अंजली रघुवंशी और पलक रघुवंशी पिछले वर्ष 2024 में कक्षा 9वीं में प्रवेश नहीं ले सकीं। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे मजदूरी के लिए गाँव से बाहर चले गए थे, जिससे दोनों बच्चियों की पढ़ाई बीच में छूट गई और वे शिक्षा से वंचित रह गईं। इस वर्ष पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो श्री सोमु सिंह ने समृद्धि परियोजना के अंतर्गत भादौर

हाई स्कूल के शिक्षकों के साथ मिलकर दोनों बालिकाओं के घर पर जाकर स्थिति का जायज़ा लिया। उन्होंने परिवार की समस्याओं को समझा और पाया कि आर्थिक तंगी और स्कूल फीस देने में असमर्थता ही शिक्षा में रुकावट बनी हुई है। श्री सोमु ने तत्परता दिखाते हुए स्कूल के प्रधानाध्यापक एवं ग्राम सरपंच से चर्चा की और परिवार की समस्या को सामने रखा। ग्राम समुदाय और विद्यालय प्रशासन की सकारात्मक पहल से बच्चियों की आधी फीस माफ़ की गई और तुरंत उनका पुनः नामांकन किया गया। आज अंजली और पलक दोनों पुनः स्कूल जा रही हैं और पूरे उत्साह से अपनी शिक्षा पूरी कर रही हैं। यह प्रेरणादायक उदाहरण बताता है कि यदि समाज, स्कूल और संस्थाएँ मिलकर काम करें तो कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा।

हिंदू रक्षा शक्ति संघ कार्यकर्ताओं ने किया भोलेनाथ की कांवड़ यात्रा का जलाभिषेक

गुना। श्रावण मास के दूसरे सोमवार को हिंदू रक्षा शक्ति संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भोलेनाथ की कांवड़ यात्रा का भमावद पार्वती नदी से प्रारंभ होकर रुठियाई गुफा महादेव मंदिर तक प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष कल्याणपुरी गोस्वामी एवं मध्यप्रदेश प्रभारी राजेंद्र प्रसाद सुमन और प्रदेश मीडिया प्रभारी हरिओम प्रजापति , प्रदेश महामंत्री सुरेश सुमन, जिला पदाधिकारी बी.एल. मीना , एवं राधौगढ़ नगर पालिका क्षेत्र अध्यक्ष मानसिंह मोगिया एवं रुठियाई नगर से, रुठियाई प्रभारी गोलू सेन, नगर अध्यक्ष दीपक केवट, और रंजीत केवट , अर्जुन यादव , कल्याण सिंह ओझा, सीताराम प्रजापति , राधेश्याम नाथ एवं समस्त कार्यकर्ताओं के समक्ष रुठियाई गुफा महादेव मंदिर पर भोलेनाथ को कांवड़िया द्वारा जल अभिषेक कराया गया। और प्रदेश के सभी नागरिकों को राजेंद्र प्रसाद सुमन ने धर्म, देश और संघ के प्रति जागरूक कराकर संबोधित किया तथा क्षेत्र का निरीक्षण किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हर हर महादेव के नारे लगाए।

मप्र पूर्व गृह मंत्री एवं संरक्षक वैश्य समाज उमाशंकर गुप्ता ने नपाध्यक्ष के ससुर केसी गुप्ता को किए श्रद्धासुमन अर्पित

गुना। मध्य प्रदेश शासन के पूर्व गृह मंत्री एवं संरक्षक वैश्य समाज मध्य प्रदेश उमाशंकर गुप्ता एवं संभागीय अध्यक्ष वैश्य समाज देवेन्द्र जैन ने मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति सविता अरविंद गुप्ता के ससुर एवं भाजपा नेता पूर्व पार्षद, जिला वैश्य समाज कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद गुप्ता के पिता तथा इंजी नमन गुप्ता व इंजी सार्थक गुप्ता के दादा जी इंजी केसी गुप्ता के देवलोक गमन के उपरांत उनके निज निवास दलवी कॉलोनी गुना आकर शोक संतप्त परिवार से भेंट की। इस दुखद समय में समाज की ओर परिवार को संबल देकर दिवंगत पिता को श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह आदि लोग मौजूद थे।

युवा संगम कार्यक्रम के आयोजन में युवाओं को मिला रोजगार

निजी कंपनियों ने 62 से अधिक का किया चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुना

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम विभाग एवं विकास एवं रोजगार विभाग व ग्रामीण विकास विभाग द्वारा युवा संगम के तहत एक ही छत के नीचे युवाओ को रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उदेश्य से हर माह निर्धारित को जिला स्तरीय रोजगार/स्वरोजगार के लिए युवा संगम कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में गुना जिले में प्रत्येक चौथ बुधवार को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर दिया गया आज के कार्यक्रम में बीजेपी अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिकरवार,भाजपा मीडिया प्रभारी श्री विकास नखराली, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री रमेश मालवीय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री क्षितिज लुम्बा

विशेष रूप से उपस्थित रहे, इस दौरान युवा संगम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीजेपी अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र सिकरवार ने कहा कि हमें नशे से बचना चाहिए आज युवाओं क़ो नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई इसका उद्देश्य है हमारे युवा नशा से दूर रहे,अभी बैंक अधिकारी ने जानकारी आपको जानकारी दी और कहा कि बचत संकट के समय काम आती है आज जिन युवाओं का चयन हुआ तथा हितलाभ वितरण हुआ हैं उन सभी क़ो हार्दिक बधाई व शुभकामनायें। जिला रोजगार अधिकारी बी एस मीना ने बताया कि आज के कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की 11 कम्पनियों ने इस दौरान कुल 152 युवाओं द्वारा पंजीयन कराया गया एवं 62 आकांक्षी युवाओं का प्रारंभिक चयन उपरांत ऑफर लेटर प्रदान किया गया ।

नशा मुक्ति की दिलाई गई शपथ, वित्तीय साक्षरता की दी जानकारी

युवा संगम की लोकप्रियता बढ़ती जा रही हैं शासन आदेशानुसार अब युवा संगम में युवक युवतियो को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी, नशामुक्ति, वित्तीय साक्षरता की जानकारी देने की व्यवस्था की जा रही हैं साथ कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना सहित स्टार्टअप 2025 की जानकारी भी युवाओं को उपलब्ध कराई गई कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति अभियान के दौरान सामाजिक न्याय विभाग ने नशा से मुक्ति कैसे पाए इस सम्बन्ध मे जानकारी दीं और उपस्थित युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई बैंक से आये प्रभात सेन द्वारा वित्तीय साक्षरता की जानकारी देतें हुए बैंक द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई जिला चिकित्सालय से आई डॉ सुनील दांगी की टीम द्वारा युवाओं और हितग्राहियो का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया कार्यक्रम के दौरान सफल उधमी ने अपने अनुभव शेयर किए।

खबर संक्षेप

यादव महासभा चंदेरी के अध्यक्ष बने जयराम सिंह

अशोकनगर। चंदेरी में राज्य यादव महासभा युवा प्रदेश अध्यक्ष राव अजयप्रताप सिंह यादव की अनुशंसा पर ज़िलाध्यक्ष केपी यादव सेमरा ने चंदेरी ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए जयराम सिंह यादव सिंहपुर चालदा को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है और युवा यादव महासभा पर चंदेरी ब्लॉक अध्यक्ष पर संजय सिंह यादव उमरिया की नियुक्ति की गई बुधवार को श्रीकृष्णा गार्डन चंदेरी में चंदेरी यादव समाज की बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए जयराम सिंह यादव को अध्यक्ष बनाया गया समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने एकता और सद्भाव बनाने के लिए संगठन में कार्य करने के उद्देश्य से नियुक्तियां की गई।

वेतन काटा गया तो आन्दोलन करेंगे

अशोकनगर। शासन द्वारा एक जुलाई से स्कूलों में शुरू की गई ई अटेंडेंस अव्यवहारिक, विसंगतिपूर्ण और त्रुटिपूर्ण है इसलिए यह अस्वीकार्य है। इसे तुरंत वापस लिया जाए। केवल शिक्षकों पर इसे लागू करने, गांवों में इंटरनेट कनेक्शन न मिलने, ऐप डाउनलोड न होने, शिक्षकों पर दबाव डालने और उन पर अविश्वास करके उन्हें बदनाम करने की सरकारी नीयत के कारण, ई अटेंडेंस समय सीमा में न लगने, और उपस्थित होने के बावजूद ई अटेंडेंस में अनुपस्थित और अवकाश दर्ज करने के कारण यह अस्वीकार्य है। मध्यप्रदेश राज्य शिक्षक उत्थान संघ ई अटेंडेंस योजना का विरोध करता है क्योंकि यह तकनीकी और व्यवहारिक रूप से स्कूलों में असफल है, विसंगतिपूर्ण व्यवस्था है। इसलिए शिक्षक अपने स्कूलों में कर्तव्यरूढ हैं और पूर्ववत स्टाफ उपस्थिति पंजी में अपनी उपस्थिति दर्ज़ कर रहे हैं। फिर शासन के पास उनकी मॉनिटरिंग के लिए तमाम विभागीय अधिकारी और प्रशासन है। यदि शासन को ई अटेंडेंस ही लागू करके इसे ही मॉनिटरिंग मानना है तो राज्य शिक्षा केन्द्र, डीपीआई, डीपीसी, डीईओ, बीईओ, बीआरसी, और सीएसी व्यवस्था ख़त्म करके सम्पूर्ण पद समाप्त किए जाएं। आधुनिक सुविधाओं से लैस शाला भवनों और शिक्षक आवासों का निर्माण किया जाए। विद्यालयों में इंटरनेट एवं कम्प्यूटर व्यवस्था मज़बूत की जाए। हर विद्यालय में चपरासी, लिपिक की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

फसलों का बीमा 31 जुलाई तक

अशोकनगर। किसान भाई फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान एवं जोखिम की भरपाई हेतु भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित है। जिसमें ऋणी तथा अऋणी दोनों ही प्रकार के किसान भाई अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते हैं। किसान भाई खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई तक संबंधित बैंकों/समितियों/क्योस्क एवं बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों के माध्यम से फसल बीमा करा सकते हैं।

10 वर्षों से निवासरत है परिवार, तब से क्यों नहीं हुए शिकवा-शिकायत?

शिकायत कर प्रशासन की मदद से गरीब का आशियाना छीनने के लिए कोशिश!

स्वामित्व योजना बनी उलझन की जड़ पहले नहीं था रास्ता अब ड्रोन मैपिंग में दिख रहा है रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिछोर

पिछोर अनुविभाग के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गचौनी में ग्राम आबादी की भूमि को को लेकर आए दिन शिकवा शिकायतों का सिलसिला जारी है अभी कुछ दिन पूर्व गोचौनी निवासी रोशन लोधी ने शिकायत दर्ज की थी कि गांव में संतोष लोधी ने निलने का रास्ता बंद कर दिया है और शासन से रास्ता खुलवाने की गुहार लगाई थी। वहीं अब इसी शिकायत का पलटवार करते हुए एवं शिकायत को झूठी ठहराते हुए फरियादी संतोष लोधी पुत्र लक्ष्मण लोधी निवासी गोचौनी ने मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन के माध्यम से रोशन लोधी की शिकायत दर्ज करते हुए आरोप लगाया है कि शासकीय भूमि पर दबंगई से कब्जा करना चाहता है रोशन और आए दिन लाठी और हथियार लेकर आए दिन अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण और घेराव करना चाहता है एवं धमकियां देता है कि यदि कब्जा मुक्त नहीं किया और मुझे नहीं दिया तो मैं कुछ भी कर सकता हूं इस तरह से फरियादी संतोष ने कलेक्टर को आवेदन के माध्यम से उक्त व्यक्ति पर कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है वहीं पर संतोष की पत्नी कौशल्या ने भी वीडियो जारी कर प्रशासन से उक्त व्यक्तियों के ऊपर कार्यवाही करने की मांग की है।

यह है पूरा मामला

गोचौनी में शासकीय आबादी की भूमि सर्वे क्रमांक 1001 कुल प्लॉट संख्या 24 रखवा0046 आबादी भूमि जिस पर पिछले कई वर्षों से फरियादी संतोष लोधी के पशु बधते सिर्फ और इस जमीन का रखरखाव भी पिछले कई वर्षों से संतोष के ही द्वारा किया जा रहा हैं और फरियादी के अनुसार यहां पर पहले से कोई रास्ता नहीं था 2020 के बाद स्वामित्व योजना आई तब से उक्त स्थान पर बनी दीवार के गिर जाने से चूना डालकर ड्रोन मैपिंग के समय से रास्ता प्रदर्शन किया गया था हालांकि पहले कोई रास्ता नहीं था यहां पर इसी रास्ते को लेकर पूर्व में रोशन लोधी के द्वारा शिकायत की गई थी एवं संतोष के अनुसार इस जमीन को रोशन लोधी हथियाना चाहता है क्योंकि इससे पूर्व में गांव के किसी एक एकल व्यक्ति ने शिकायत नहीं की है एवं फरियादी संतोष की पत्नी कौशल्या लोधी ने वीडियो जारी कर पीड़ा को बयां कर रोशन सहित अन्य पर जबरन घर मकान छीनने एवं मारपीट करने के संगीन आरोप लगाए हैं।

स्वामित्व योजना

स्वामित्व योजनाए मध्य प्रदेश में ड्रोन का उपयोग करके ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में संपत्ति का सर्वेक्षण करने और कानूनी स्वामित्व कार्ड ;संपत्ति कार्ड स्वामित्व पत्र जारी करने की एक योजना है। इसका उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को अधिकारों का अभिलेख प्रदान करना है। जिससे उन्हें वित्तीय स्थिरता और भूमि अभिलेखों तक पहुंच मिल सके। मध्यप्रदेश में स्वामित्व योजना की स्थिति, प्रदेश में ड्रोन फ्लाईंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। लक्षित 36 लाख अधिकार अभिलेखों में से 29 लाख अधिकार अभिलेखों का निर्माण पूरा हो चुका है। लक्षित 42 हजार आबादी ग्रामों में से 38 हजार ग्रामों में नक्शों का संशोधन कार्य पूरा हो चुका है। 28 हजार 864 ग्रामों के अधिकार अभिलेखों का कार्य पूर्ण कर भू.अभिलेख पटल पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं। प्रदेश में स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन दिसम्बर 2024 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

फाइल फोटो

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों में लापरवाही बरतने पर 16 अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर शास्ति अधिरोपित

शिवपुरी। मध्यप्रदेश लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत नागरिकों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इस दिशा में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा कार्रवाई करते हुए कुल 16 प्रकरणों में शास्ति अधिरोपित की गई है। कार्रवाई में 33 हजार रूपए की शास्ति विभिन्न स्तरों पर संबंधितों से वसूल की जाएगी। कलेक्टर रने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी समयबद्ध सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए इसी प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी। ताकि आमजन को उनकी पात्र सेवाएं बिना अनावश्यक विलंब के प्राप्त हो सकें। शिवपुरी तहसील की नायब तहसीलदार प्रतिभा पांडे पर सीमांकन सेवा के आवेदन में 15 दिवस की देरी के लिए 750 की शास्ति तय की गई है। इसी तरह खनियाधाना की मुहारीकलां तहसील में नायब तहसीलदार रामनरेश आर्य द्वारा आय मूल निवासी प्रमाण पत्र की सेवा के 9 आवेदनों में देरी करने पर 3,000 की शास्ति अधिरोपित की गई है। खनियांधाना की ही अछरौनी बीट के पटवारी गौरव पटेरिया पर सीमांकन सेवा के एक आवेदन में 6 दिन की देरी के लिए 1,500 की शास्ति निर्धारित की गई है। पिछोर तहसील के जुगीपुरा के पटवारी शैलेन्द्र सिंह चंदेल द्वारा सीमांकन सेवा में 30 दिन की देरी पाई गई। जिस पर अधिकतम 5,000 की शास्ति लगाई गई है। तहसील सतनवाड़ा अंतर्गत ग्राम खोरघार, मुढेरी, गहलोनी, भरका और विलपुरा के छह पटवारियों पर कुल 2,250 की शास्ति अधिरोपित की गई है। इनमें पटवारी कमलेश साहूए विक्रम रावत, माला दुबे, मोहिनी बागवार, मीनू अग्रवाल और बृजेश भारद्वाज सम्मिलित हैं। नगर परिषद रन्नौद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मयूर वाहरे द्वारा मृत्यु की अप्राप्यता प्रमाण.पत्र संबंधी एक आवेदन के समय.सीमा में निराकरण न करने पर 250 की शास्ति लगाई गई है। तहसील कोलारस के प्रभारी तहसीलदार सचिन भार्गव द्वारा सीमांकन सेवा में 10 दिन की देरी पर 2,500 तथा तहसील बदरवास के प्रभारी तहसीलदार प्रदीप भार्गव पर सीमांकन सेवा के 9 दिन की देरी के लिए ?2ए250 की शास्ति अधिरोपित की गई है। नगर परिषद पिछोर के सीएमओ आनंद शर्मा द्वारा वृद्धावस्था पेंशन योजना से जुड़े एक आवेदन का समय.सीमा में निराकरण नहीं करने पर 2,000 की शास्ति अधिरोपित गई है। इसी तरह समाधान एक दिवस तत्काल सेवा अंतर्गत सहायक संचालक एवं बीईओ कोलारस राहुल भार्गव पर 37 आवेदनों में देरी पर 9,250 और बदरवास के प्रभारी बीईओ पीएआरएभगत पर 1,250 की शास्ति निर्धारित की गई है।

सभी 12 थानों को मिलेंगे नए डायल-100 वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रदेशभर के थानों में नये डायल 100 वाहन प्रदान किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अशोकनगर जिले के 12 थानों को भी नये डायल 100 वाहन प्राप्त होगें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर ने बताया कि शहर के थानों के कलए इनोवा गाड़ी और ग्रामीण क्षेत्र के थानों के लिए बुलेरो वाहन प्रदान किया जाएगा। मध्यप्रदेश में डायल 100 की शुरूआत 1 नबम्बर 2015 से हुई थी लगभग 10 साल से यही वाहन चले आ रहे थे। अब इन वाहनों को बदला जा रहा है। शासन द्वारा किसी नये कॉन्ट्रेक्टर अथवा कंपनी से वाहन लिए जा रहे हैं। जिले के जिन थानों को यह नये 100 वाहन प्राप्त होगें उनमें सिटी कोतवाली, देहात थाना, कचनार, शाढ़ौरा, पिपरई, मुंगावली, बहादुरपुर, सेहराई, चंदेरी, ईसागढ, नईसरायं, कदवाया थाने शामिल हैं। वैसे तो जिले में 15 थाने हैं लेकिन यातायात, महिला, और अजाक थानों को यह वाहन प्रदान नहीं किए जाएगें। मध्यप्रदेश पुलिस हेड क्वार्टर द्वारा जल्द ही यह वाहन अशोकनगर जिले को प्रदान किए जाएगें। वैसे पुलिस की वाहनों की गाड़ियों का नम्बर एमपी 03 रहता है लेकिन इन वाहनों का नम्बर एमपी 04 होगा। यह नम्बर राजधानी भोपाल का है।

नसबंदी ऑपरेशन कराने की शुरूआत शाढ़ौरा से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जनसंख्या स्थायित्व के लक्ष्य को साकार करने हेतु 11 जुलाई से 11 अगस्त तक चलाए जा रहे विश्व जनसंख्या दिवस अभियान के अंतर्गत बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शाढ़ौरा (ब्लॉक अशोकनगर) में निरंतर द्वितीय महिला नसबंदी शिविर का सफल आयोजन किया गया। सर्दी के मौसम में नसबंदी कराने की आमजन की भ्रांति को तोड़कर प्रत्येक मौसम में सफल नसबंदी ऑपरेशन कराने की मुहिम की शुरूआत शाढ़ौरा से की गई है।

इस महत्वपूर्ण आयोजन का सफल संचालन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी के मार्गदर्शन तथा जिला परिवार कल्याण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनी छारी के निर्देशन में, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. जयकृत राजपूत के नेतृत्व में किया गया। इस प्रयास में यह सतत द्वितीय नसबंदी कैंप था। जिसमें पहला कैंप 13 सफल नसबंदी ऑपरेशन के साथ 16 जुलाई को हुआ था। शिविर में वरिष्ठ सर्जन डॉ. डी. के. भार्गव द्वारा 14 महिलाओं की नसबंदी सर्जरी सफलता पूर्वक संपन्न की गई। सर्जरी से पूर्व महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. रश्मि छारी द्वारा किया गया। ओटी इंचार्ज ज्योति राजावत, लैब टेक्नीशियन अंकित जैन तथा ऑपरेशन थिएटर की पूरी टीम ने सराहनीय समर्पण के साथ दायित्व निभाया।

नगर प्रखंड में विवेकानन्द खंड स्तर बैठक का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मंगलवार को नगर प्रखंड में विवेकानन्द खंड स्तर बैठक सम्पन्न हुई। इसमे में 7 मोहल्ला समिति के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। जिसमें जिला सह संयोजक दीपक जोशी ने प्रत्येक मोहल्ले में समिति पूर्ण करने हेतु पदाधिकारियों से चर्चा की गई।

जिला उपाध्यक्ष एवं नगर पालक अधिकारी अशोक रघुवंशी ने स्थापना दिवस पर खंड समिति के अलावा मोहल्ला समिति द्वारा जन्माष्टमी पर और रामनवमी पर मुख्य रूप से कार्यक्रम बड़े स्तर पर मनाने के लिए जोर दिया गया। समितियां पूर्ण करके नगर व जिला स्तर पर होने वाले आगामी अखंड भारत दिवस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने को कहा। बैठक की अध्यक्षता नगर मंत्री रमेश गुप्ता जी द्वारा की गई। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष कमलेश कुशवाह,करन रजक नगर गौ रक्षा प्रमुख, खंड समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी, अजय अहिरवार, सतपाल केवट, दिनेश कुशवाहा अजय जोशी आकाश कुशवाहा गौ सेवा जानकी लाल जोशी ऋषि शर्मा रवि प्रजापति सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक आचार्य पद्धति के अनुसार करते हुए जय घोष के साथ समापन हुआ।

संघन चैकिंग अभियान के तहत 14 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई

अशोकनगर। जिला परिवहन अधिकारी रंजना सिंह कुशवाह द्वारा संघन चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान लगभग 36 वाहनों को चैक किया गया। जिसमे सेन्ट्रल एकेडमी एवं चन्देरी पब्लिक स्कूल स्कूलों के बसों को चैक किया गया है एवं साथ ही यात्री वाहन एवं मालयान वाहनों के चैक किया गया। चैकिंग के दौरान कमी पाये गये वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई जिससे 14 हजार का राजस्व प्राप्त हुआ।

वर्धमान सेवा समिति ने गायों के औषिधीय लडडू का निर्माण कराया

अशोकनगर। श्री ऋषभदेव कृपा वर्धमान सेवा समिति द्वारा आज दयोदय सेवा पशु केंद्र पर सैकड़ो गायों के लिए 2 कुंटल गुड और खर मैं औषधि मिश्रित कर डलवाई गई जिससे बीमार दुखी गायों को आराम मिल सके। इस शुभ कार्य में राज प्रिंस ,धर्मेंद्र, रामसेवक ,अस्पाक खान व गौशाला के सेवक साथीगढ़ भी शामिल रहे।

शिक्षा रुझान व नए अवसर पर राष्ट्रीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में मध्य प्रदेश सरकार के अंतर्गत रोजगार आधारित शिक्षा रुझान एवं नए अवसर पर राष्ट्रीय कार्यशाला का प्रदर्शन किया गया। यह कार्यशाला रोजगार के नए अवसर एवं युवा विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नए-नए रोजगार उपलब्ध कराना तथा आईटी सेक्टर में उन्हें ज्यादा से ज्यादा प्रवेश दिलाना था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल, मुख्यमंत्री और उच्चशिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार की उपस्थित में किया गया जिसका लाईव प्रसारण दिखाया गया। मुख्यमंत्री ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली में रोजगार की संभावना के साथ हमारे प्राचीन संस्कृति और प्राचीन शिक्षा संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाली 64 प्रकार की कलाए और संदीपनी आश्रम में भगवान कृष्ण के द्वारा सीखी 14 शिल्प कलाओ का उल्लेख करते हुए संस्कारों पर बल देते हुए आत्मनिर्भरता और स्वयं रोजगार की संकल्पना को अपनाने पर जोर दिया। शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने रोजगार की संभावनाओं पर अपने विचार रखें उन्होंने शिक्षा को रोजगार ही नहीं उसके साथ ही संस्कारों को भी सीखने पर जोर दिया उक्त वर्चुअल कार्यक्रम में शासकीय नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रेणु राजेश, कार्यक्रम की संयोजक डॉ योग्यता भार्गव वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ नवीन पटवा आनंद नामदेव डॉ. राजकुमार जाट, प्रमोद पवार, डॉ. जितेंद्र सोनी, सुमित सोनी एवं अन्य प्राध्यापक के साथ इस कार्यक्रम में 125 विधार्थियों ने प्रेरणा प्राप्त की।

लायंस हेल्पिंग हैंड ने किया पौधारोपण

अशोकनगर। लायंस हेल्पिंग हैंड ने लायन सुनीता जैन की अध्यक्षता में तहसील के पीछे वाले मंदिर के परिसर में किया वृक्षारोपण। एक वृक्ष मां के नाम की मुहिम एवं प्रांतीय प्रोजेक्ट के तहत क्लब की महिलाओं द्वारा करीब 15 पौधे लगाए गए। जिनके संरक्षण एवं जाल रोपण की जिम्मेदारी मंदिर की संरक्षक रामा दीदी को सौंपी गई।

कार्यक्रम में अध्यक्ष ने बताया कि स्वच्छ वातावरण के लिए पेड़ पौधे अति आवश्यक हैं। और सांसों का कर्ज चुकाने के उद्देश्य से यह वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।इसी श्रृंखला में शम्मी का पेड़, नीम का पेड़, पीपल का पेड़, जामुन का पेड़, गुड़हल का पेड़ आदि लगाए गए। साथ ही क्लब से रीजन कॉर्डिनेटर पीएमजेफ लायन वैशाली सलूजा ने बताया कि यदि हम आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण देना चाहते हैं तो हमें संकल्प करना होगा कि हर वर्ष वृक्षारोपण जरूर करेंगे। यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद करता है, बल्कि जलवायु परिवर्तन से निपटने, मिट्टी के कटाव को रोकने, और वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कलेक्टर ने किया ईवीएम वेयरहाउस का बाहरी मासिक निरीक्षण

अशोकनगर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने बुधवार को तहसील अशोकनगर परिसर स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस का बाहरी मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होनें सुरक्षा व्यवस्था,सीसीटीव्ही कैमरे सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा, जिला पेंशन अधिकारी रविन्द्र सूर्यवंशी, निर्वाचन सुपरवाईजर रज्जाक खान उपस्थित रहे।

नुकसान हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने कलेक्टर कार्यालय पर धरना दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में हो रही बारिश से खरीफ की फसलों को हुए नुकसान के बाद किसानों ने कलेक्टर कार्यालय पर लगातार धरना दिया। किसान यहां ज्ञापन देने के मामले में अधिकारियों के स्थान पर कलेक्टर को ज्ञापन देने की मांग पर अड़े रहे। जब शाम 4:00 बजे कलेक्टर से मुलाकात हुई तब उन्होंने अपना धरना समाप्त किया। इन किसानों का कहना था कि जिले में मक्का और अन्य फसलें लगातार पानी से नष्ट हो गईं हैं। लेकिन अभी तक सर्वे नहीं हुआ है। इन किसानों ने मांग की है कि सर्वे कराकर 10 हजार रूपये प्रति बीघा मुआवजा दिया जाए। फसल बीमा के साथ किसान क्रेडिट कार्ड का ब्याज माफ करने और बिजली बिल माफ करने आदि की मांग की गई है। किसानों का कहना है कि कईं स्थानों पर जहां मक्का बोई गई थी। वहां बीमा सर्वे में सोयाबीन दर्ज कर दी गई है जो बीमा राशि बिना सर्वे के काटे गई है उसे भी अनुचित माा जाए। कलेक्टर कार्यालय पर ज्ञापन देने आए इन किसानों को डिप्टी कलेक्टर इसरार खान और नायब तहसीलदार शंभू मीना ने बनाया बाद में अपर कलेक्टर मुकेश शर्मा भी पहुंचे उसके बाद भी उन्होंने ज्ञापन नहीं दिया। जब कलेक्टर से उनकी मुलाकात हुई तब उन्होंने अपना धरना समाप्त किया।

कलेक्ट्रेट परिसर में वाहन पार्किंग की सुविधा करें

कलेक्ट्रेट की शाखाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला कलेक्ट्रेट स्थित समस्त शाखाओं में नस्तियों का संधारण व्यवस्थित रूप से हो। साथ ही शासन से प्राप्त पत्रों का निराकरण समय सीमा में किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला कलेक्ट्रेट की शाखाओं की समीक्षा बैठक में संबंधित शाखा प्रभारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि कलेक्ट्रेट शाखाओं से संबंधित समय सीमा के लंबित पत्रों का जबाव एवं निराकरण समय से कराना सुनिश्चित करें। अनुकम्पा नियुक्ति के मामले शाखाओं में लंबित न रहे। इस हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए।सिविल सूट के मामले में तत्संबंधी जबाव,दावा प्रस्तुत किया जाए।उन्होंने कर्मचारियों की पदोन्नति तथा समयमान वेतनमान के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। सीएम घोषणाओं की अद्यतन प्रगति के बारे में शाखा प्रभारियों से जानकारी ली। मानव अधिकार आयोग के मामलों में जबाव भेजे जाने के निर्देश दिए। भू-अर्जन के प्रकरणों का निराकरण पूर्ण तत्परता के साथ किये जाने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट परिसर में वाहन पार्किंग और शेड की व्यवस्था हो

राहत शाखा अंतर्गत आपदा प्रबंधन की सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखे जाने तथा प्रशिक्षण आयोजित किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में नजूल निवर्तन,रिकॉर्ड शाखा,आम्र्स शाखा, नजारत शाखा,आवक जावक, ब्रिस्क राशि की उपयोगिता, स्थापना शाखा,लेखा शाखा से संबंधित कार्यो की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट परिसर में वाहनों की पार्किंग स्थल पर छाया हेतु शेड की व्यवस्था कराई जाए।गार्डन को व्यवस्थित रूप से सुंदर रूप दिया जाए। कलेक्ट्रेट भवन की पुताई दिपावली के पूर्व कराई जाए। उन्होंने प्रतिमाह बैठक आयोजित किये जाने के निर्देश दिए।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुभाषगंज निवासी आदित्य पुत्र सुनील जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोविन्द श्रीवास्तव ने वर्धमान कॉन्वेंट हायर स्कूल में पढ़ रहे छात्र से मारपीट की।जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रमखिरिया निवासी मुकेश लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देशराज अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

महिला को पेट में लातें मारी इलाज के दौरान मौत

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत रामकली बाई पत्नी चन्द्रपाल सिंह यादव को उसकी पति ने पेट में लातें मारी जिससे उसे चोटें आईं थी। उसे अस्पताल ले जाया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पत्नी के साथ मारपीट करने वाले पति चन्द्रपाल सिंह पर मार पीट के बाद पत्नी की मौत हो जाने का मामला दर्ज किया है।

ताश के पत्तों से जुआ खेलते 5 आरोपी गिरफ्तार

अशोकनगर। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुराना बस स्टेण्ड पर पुलिस ने ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए मनोरंजन सिंह, शिवकांत शर्मा, अंकेश शर्मा, राममूर्ति तिवारी, जगदीश साहू को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 2 हजार रूपये बरामद किए हैं।

खेत पर काम करते समय करंट लगने से मौत

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत धर्मेन्द्र पुत्र उधम सिंह अहिरवार उम्र 28 साल निवासी ग्राम हैदर जब अपने खेत में काम कर रहा था तभी अचानक उसकों करंट लग गया। जिसके बाद उसे अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

सड़क दुर्घटनाओं के दो मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में सड़क दुर्घटनाओं के दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढौरा थाने के अंतर्गत ग्राम जलालपुर निवासी बलवीर पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 08 एमई 1611 के चालक ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी की लड़की को टक्कर मार दी जिससे उसे चोंटे आई हैं। इसी प्रकार जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम अचलगढ़ निवासी रामपाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि डिजायर गाड़ी के अज्ञात चालक ने चंदेरी-मुंगावली रोड पर अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

अवैध शराब के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले की पिपरई थाने की पुलिस ने कजराई निवासी सुनील अहिरवार के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम जमडेरा निवासी लालाराम आदिवासी के पास से पुलिस ने 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

हरियाली यात्रा के संबंध में सेक्टर स्तरीय बैठक

अशोकनगर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास विकासखंड मुंगावली जिला अशोकनगर में बुधवार को सेक्टर पिपरई संभाग समन्वयक सुशील बरूआ की अध्यक्षता में सेक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संभाग समन्वयक सुशील बरूआ द्वारा हरियाली अमावस्या से प्रारभ हों रही नवांकुर सखी यात्रा के संबंध में एवं कार्यक्रम की रुपरेखा की विस्तार से जानकारी दी गई। जिला समन्वयक बद्री चैहान द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान की जानकारी देकर प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिन, शादी की सालगिरह, अन्य उत्सवों में एक उपहार के रूप वितरित करने एवं स्वयं लगाने के लिए प्रेरित किया।

भले ही वर्षा की रफ्तार धीमी, लेकिन जिले के तालाब पानी से लबालब

जिले में सुबह की धूप से शुरुआत... सूरज ढलते ही बरसात का दौर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में मौसम का भी अजीव खेल है आप सुबह जब जागकर उठेगें तो आपको खिलती हुई धूप दिखाई देगी। लेकिन शाम को जब आप घर लौटेगें तो आपको मौसम बदला हुआ नजर आएगा और वर्षा के पानी के बीच आप अपने घर पहुचेंगें। यह क्रम पिछले दो दिनों से लगातार चल रहा है। जिले में भले ही वर्षा की रफ्तार धीमी हो और वर्षा का रूख भी अजीब हो लेकिन इतना तो है ही कि जिले के तालाबों में पानी आ गया है।

शहर के बीचो-बीच बहने वाले तुलसी सरोवर का पानी यहां लगाए गए गेट से बहकर निकल रहा है। तालाब पूरी तरह से लबालब हो चुका है। इस तालाब के पानी को आसपास के अतिक्रमण ने आगे बढ़ने से रोक दिया है। इसी प्रकार छज्जू बरखेडा डैम में भी पर्याप्त मात्रा में भी पानी आ गया है और डैम के गेट खोलने पड़े हैं। अभी तक इस तालाब में पानी की कमी थी। क्योंकि यह डेम निचाई पर बना है और

अमाही डैम ऊंचाई पर बना है। इन दोनों तालाबों में पानी के आने के स्त्रोत लगभग एक से हैं जिसके कारण दोनों तालाब पानी से लबालब हो गए हैं।

कलेक्टर ने किया अमाही तालाब का निरीक्षण, तालाब छरार पहुंच मार्ग को दुरस्त किये जाने के दिए निर्देश

कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को तहसील अशोकनगर क्षेत्र के अमाही तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तालाब के कैचमेंट एरिया एवं जलभराव क्षमता के बारे में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने अमाही तालाब से निकलने वाली पानी की छरार तक पहुंचने के लिए मार्ग को यथाशीघ्र दुरुस्त कराए जाने के निर्देश जनपद सीईओ को दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार अशोकनगर को निर्देशित किया कि सावन माह के प्रति सोमवार को श्रद्धालुओं द्वारा तूमैन नदी से जल भरकर कावड़ यात्रा निकाली जाती है, इस हेतु श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाए।साथ ही होमगार्ड द्वारा एसडीईआरएफ जवान की तैनाती की जाए।

अशोकनगर में 315 मिलीमीटर वर्षा कम तो मुंगावली में 80 मिलमीटर वर्षा अधिक

जिले में वर्षा की स्थिति पर एक नजर डालें तो पिछले 3 दिनों में वर्षा ईसागढ़ तहसील में 15 मिलीमीटर और मुंगावली तहसील में 36 मिलीमीटर हुई है। इस वर्षा के बाद जिले में औसत वर्षा 882 मिलीमीटर की तुलना में अब तक 717 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। गत वर्ष यहां औसत वर्षा 1150 मिलीमीटर हुई थी। जिले में वर्षा का प्रतिशत 81.35 है। अगर अशोकनगर तहसील की बात करें तो यह तहसील वर्षा के आकड़ों में सबसे पीछे है। यहां अब तक 850 मिलीमीटर औसत वर्षा को देखते हुए 535 मिलीमीटर वर्षा हुई है । गतवर्ष यहां 1058 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। यहां वर्षा का प्रतिशत 62.94 है। चंदेरी तहसील में 1000 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है यहां अब तक 748 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। गतवर्ष यहां 1154 मिलीमीटर हुई थी। यहां वर्षा का प्रतिशत 74.80 है। अगर ईसागढ तहसील की बात करें तो यहा 878 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है अब तक यहां 706 मिलीमीटर वर्षा हुई है। गतवर्ष यहां 932 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। जो कुल वर्षा का 80.41 प्रतिशत है। अगर मुंगावल तहसील की बात करे तो यहां 800 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है। इस वर्ष यहां 881 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। गतवर्ष यहां 1458 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। यहां 110.13 प्रतिशत वर्षा हो चुकी है। यानी यहां 81 मिलीमीटर अधिक वर्षा हो चुकी है जो सभी तहसीलों से ज्यादा है।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौध रोपण किया गया

शाढ़ौरा। द्रौपदी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत नन्हे-नन्हे बच्चों ने पूरे उत्साह और भावनात्मक जुड़ाव के साथ पौधारोपण किया। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करना और माँ के प्रति सम्मान को एक सकारात्मक रूप में व्यक्त करना है।
प्री-प्राइमरी और प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों ने शिक्षकों की सहायता से स्कूल परिसर में पौधे लगाए। बच्चों ने इन पौधों को अपनी माँ के नाम समर्पित किया और उन्हें बड़े प्यार से सींचते हुए यह वादा किया कि वे रोज़ पानी देंगे और उनकी देखभाल करेंगे। विद्यालय के प्राचार्य अजय शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ लगाना सिर्फ एक पर्यावरणीय कर्तव्य नहीं, बल्कि एक भावनात्मक संबंध भी है। उन्होंने अभियान के महत्व को बताया और बच्चों को पेड़ों की उपयोगिता समझाई। इस अवसर पर सहायक निदेशक हिमांशु उपाध्याय भी उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से न केवल पर्यावरण का संरक्षण होता है, बल्कि बच्चों के मन में प्रकृति के प्रति लगाव और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों ने अपने लगाए पौधों के साथ फोटो खिंचवाए और उन्हें अपना दोस्त मानकर उसकी देखभाल का संकल्प लिया। यह आयोजन नन्हे हाथों द्वारा हरियाली और संवेदनशीलता की ओर एक सशक्त कदम साबित हुआ।

रेल पटरी पार करते समय महिला की मौत

अशोकनगर। कदवाया थाने के अंतर्गत ग्राम बडेरा से अशोकनगर आई महिला को क्या पता था कि अशोकनगर आना उसके लिए मौत को आमत्रण देना सावित होगा। शहर में रेल पटरी पार करते समय यह महिला तेज गति से आ रही ट्रेक की चपेट में आ गई। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना सुबह 8:00 बजे की आसपास की बताई गई है बताया गया है कि बुजुर्ग महिला कंचन अपने पति सिरनाम सिंह लोधी के साथ अशोकनगर थाने के ग्ारम नगफन्नी आई थी। बाईक से पति-पत्नी दोनों आए थे यह बाईक एक दूध बेचने वाले की थी और बाद में बस से अपने गांव वापिस जाने के लिए रेल पटरी पार कर रहे थे तभी पति के पीछे पत्नी आ रही थी। जैसे ही पति ने पटरी पार की लेकिन महिला सामने से आ रही ट्रेन को नहीं देख पाई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया है कि महिला कान से कम सुनती थी।

नक्षत्र वाटिका में लगाए जाएंगे 58 पौधे, आज होगा पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के जिन विभागों के परिसरों में पर्याप्त जगह है और पौध रोपण नहीं हुआ है ऐसे विभागों के परिसर को पौध रोपण के लिए चुना गया है। जिसमें जिला आयुष विभाग के परिसर में आज कलेक्टर आदित्य सिंह के नेतृत्व में पौध रोपण किया जाएगा। यहां एक नक्षत्र वाटिका का निर्माण भी किया गया है। यह अपने-आप में जिला मुख्यालय पर अलग ढंग की होगी।

जिला आयुष केन्द्र के प्रभारी डॉक्टर उपेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि यहां एक नक्षत्र वाटिका का निर्माण किया जा रहा है। इस वाटिका में 58 पौधे लगाए जाएगें जिसमें 27 नक्षत्र पौधे होगें, 9 ग्रह पौंधे होगें, 12 राशि वाले पौधा होगें और 10 दिशा वाले पौधे होगें। इस तरह 58 पौधों के

माध्यम से नक्षत्र वाटिका तैयार की जाएगी। उन्होंने जिन कॉलेज में रहकर पढाई की है वहां पर इस तरह की नक्षत्र वाटिकाएं हैं यहां हर नक्षत्र में एक पौधा बताया गया है। धर्म और नक्षत्र से जोड़ते हुए इस पौधे का रोपण किया जाएगा। जिसमें वेल पत्री, आम, पीपल, शीशम, अशोक आदि वृक्ष शामिल होगें। यहां 100 पौधों का रोपण किया जा रहा है इन पौधों के रोपण को लेकर पूरे दिन तैयारियां चलती रहीं।

जिले में 17 आयुष केन्द्र लेकिन 5 केन्द्रों पर नहीं हैं डॉक्टर

जिले में अगर आयुष केन्द्रों की बात करें तो 17 आयुष केन्द्र हैं उनमें पर्याप्त स्टाफ नहीं हैं जिसे लेकर मांग पत्र शासन को भेजा गया है। साथ में नई दवाओं का मांग पत्र भी भेजा गया है। जो पूर्व में दवाएं इस केन्द्र पर उपलब्ध थीं उन्हें जरूरत के आधार पर जिले के आयुष केन्द्रों पर भेजा गया है। जिले में वर्तमान में 10 डॉक्टर हैं और 2 संविदा चिकित्सक है और 5 केन्द्रों पर स्टाफ नहीं है। इस कारण 5 केन्द्रों पर मंगलवार और गुरूवार का दिन अलग-अलग डॉक्टरों को भेजा जाता है। इस तरह की सूचना भी उन केन्द्रों पर लगाई गयी है कि मंगलवार और गुरूवार को डॉक्टर मिलेगें।

कलेक्टर ने अधिकारियों को किए कारण बताओ सूचना पत्र जारी

अशोकनगर। कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा शासकीय सेवा के प्रति स्वेच्छाचारिता एवं गंभीर लापरवाहीपूर्ण होकर शासन एवं वरिष्ठ के आदेशों का स्पष्ट उल्लंघन करने पर तीन अधिकारियों महाप्रबंधक म.प्र. विद्युत वितरण कम्पनी प्रा.लि. मधुसूधन कोरी, उप महाप्रबंधक म.प्र. विद्युत वितरण कम्पनी प्रा.लि. मुंगावली विपिन श्रीवास्तव, कनिष्ठ अभियन्ता म.प्र. विद्युत वितरण कम्पनी प्रा.लि. मुंगावली महेश्वर सिंह को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये हैं। उल्लेखनीय है कि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग-मुंगावली के द्वारा अवगत कराया गया है कि तहसील मुंगावली अंतर्गत ग्राम भोपाल में 20 जुलाई 2025 को ट्रांसफॉर्मर से लगे हुए बिजली के तार टूटने से कप्तान सिंह की गाय की करंट लगने से मृत्यु हो जाने से ग्रामीणों द्वारा प्रातः 07:00 बजे बिजली विभाग के कर्मचारी को दूरभाष पर सूचना दी गई। बिजली विभाग के कर्मचारी दोपहर 12:00 बजे तक मौके पर उपस्थित न होने से विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क पर चक्का जाम किया गया। उक्त घटनाक्रम की खबर दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में शीर्षक बिजली का तार गिरा, करंट से गाय की मौत, बचाने आई महिला झुलसी, लइनमैन बोला- ऐसी घटना होती रहती है प्रकाशित हुई है।

शहीद चन्द्रशेखर आजाद की 119वीं जयंती पर छात्र संगठन डीएसओ ने उनका स्मरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

वुधवार को छात्र संगठन एआईडीएसओ के द्वारा आजादी आंदोलन की गैर समझौतावादी विचारधारा के महान क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की 119 वीं जयंती के अवसर पर नेहरू पीजी कॉलेज सहित जिले के विभिन्न स्कूलों व नुक्कड़ चौराहों पर पुष्पांजलि कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सभाएं व विचार प्रदर्शनी लगाई गई।

एआईडीएसओ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र विजौरे ने बताया कि आज 23 जुलाई शहीद चंद्रशेखर आजाद की 119 वीं जयंती को डीएसओ अशोकनगर सहित पूरे देश भर में मना रहा है। शहीद चंद्रशेखर आजाद भारतीय आजादी आंदोलन के एक गैर समझौता वादी योद्धा थे। उन्हें बचपन से ही निशानेबाजी का शौक था और अपने नेक इरादों के कारण ही वे मात्र 13 वर्ष की उम्र में ही असहयोग आंदोलन से जुड़े। उनके जीवन की एक बहुत ही महत्वपूर्ण घटना जब उन्हें अंग्रेजी पुलिस द्वारा पकड़ा गया तो उनसे एक बार जेल में पूछा गया कि तुम्हारा नाम क्या है तो उन्होंने अपना नाम आजाद बताया इसी तरह पीछे जाने पर उन्होंने पिता का नाम स्वाधीनता और अपना घर जेलखाना बताया। इस तरह से बहुत ही छोटी उम्र के बालक के द्वारा बेबाक व निडर होकर जवाब दिए गए तो मजिस्ट्रेट डर गया और गुस्से में मजिस्ट्रेट के द्वारा 15 बेंतों की सजा सुनाई गई।

चंद्रशेखर आजाद ने उस समय देश को अंग्रेजी हुकूमत की गुलामी के चंगुल से मुक्त कराने की लड़ाई को संगठित किया था। संपूर्ण भारत के क्रांतिकारियों ने (हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन) संगठन की स्थापना की और संगठन के कमांडर इन चीफ़ के रूप में शहीद चंद्रशेखर आजाद को चुना। जात-पात,ऊंच-नीच व भेदभाव से ऊपर उठकर संगठन का उद्देश्य रखा गया । उन्होंने कहा कि हमें अन्याय के खिलाफ जाति और धर्म के तमाम भेदभावों से ऊपर उठकर सोचना होगा। और एकजुट होकर शोषण के खिलाफ लड़ना होगा।

आज के समय में इन महान मनीषियों को मनाने का सही मायने में औचित्य तभी होगा जब हम उनके विचारों को समझ पाएंगे। वर्तमान समय में विभिन्न सामाजिक समस्याएं व सरकार द्वारा लाई जा रही शिक्षा विरोधी और जनविरोधी नीतियां इस बात का पर्याय हैं कि आज भी इन क्रांतिकारियों का सपना अधूरा है। जहां आज भी शिक्षा स्वास्थ जैसी मूलभूत जरूरतें आम जनता को नहीं मिल पा रही हैं। स्कूल कॉलेजों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं, पर्याप्त मात्रा में शिक्षक नहीं हैं। हमारे अशोकनगर जिले के नेहरू महाविद्यालय पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में 8000 छात्रों पर मात्र 8 परमानेंट प्रोफेसर्स ही हैं।

नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा को महंगा बनाया जा रहा है। सीएम राइस स्कूल के नाम पर सरकार द्वारा स्कूलों को बंद किया जा रहा है व तमाम शिक्षा विरोधी नीतियां सरकार द्वारा लाई जा रही हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से आज समाज में चारों ओर गंदगी फैली हुई है गंदी बेब सीरीज और अश्लील गानों से युवा पीढ़ी गलत दिशा में जा रही है। शराब व नशे की भरमार छात्रों और युवाओं के चरित्र को बर्बाद करने का काम कर रही है। जिसका परिणाम महिलाओं- बच्चियों पर बढ़ते लगातार अपराधिक घटनाओं के रूप में सामने आ रहा है। समाज में छोटी छोटी बच्चियों से लेकर वृद्ध महिला भी आज सुरक्षित नहीं है।

सुधासागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा...

जो आवाज लगाएगा वही जिंदा रहेगा: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने अशोकनगर में एक धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के आंदोलन में यदि मंगल पाण्डे यह सोच लेता कि कौन मेरी सुनने वाला है। इसलिए हमें शांत बैठ जाना चाहिए कोई मेरी सुने या न सुने किन्तु आवाज तो लगाई जा सकती है। आज की इस दुनिया में हमें शांत नहीं बैठना है हमें यदि कोई सुनने वाला नहीं है तो हमें आवाज लगाकर जिंदा रहना है। जो आवाज लगाएगा वही जिंदा रहेगा। अगर मंगल पाण्डे ने इंकलाब जिंदा बाद की आवाज नहीं लगाई होती थी तो आज हम आजादी का जश्न नहीं मना पा रहे होते।

मुनिश्री ने कहा कि मेरी आत्मा ने कहा है कि कोई सुने या न सुने लेकिन आवाज लगाने का काम जरूर करना, कम से कम तुम्हारा नाम इतिहास में लिखा जाएगा। मंगल पाण्डे को आवाज लगाने के बाद भले ही मरना पड़ा लेकिन आज भी वह अमर हैं। यही बात भगवान श्रीकृष्ण ने पाण्डवों के सामने रखी लेकिन दुर्योधन नहीं माना उन्होंने खूब मनाने का प्रयास किया। यदि आत्माएं किसी को नीचे झुकाने में लग जाएं तो उनका कद बढ़ जाता है। हमें भगवान श्री कृष्ण की संस्कृति से सबक लेना चाहिए। शुरूआत करो कदम उठाते समय यह नहीं सोचना चाहिए कि आगे क्या होगा, हमारी बात जरूर सुनी जाएगी। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश को होनहार बच्चे अपने ज्ञान का उपयोग देश में न करते हुए विदेशों में कर रहे हैं। जरा से पैकेज के लोभ में वह विदेशों में चले गए। आज माता-पिता अपने घरों पर अकेले हैं यह बच्चे चाहते तो कम पैकेज में भी यहां पर काम कर सकते थे। हमारे बच्चे देश के काम आते।

चाय की शुरुआत भारत में 5 पैसे प्रति कप देकर अंग्रेजों ने की थी

उन्होंने कहा कि अंग्रेजों का कहना था कि भारत का आदमी दूध बेचता रहेगा। भारत के लोग इसे पवित्र काम मानते हैं वह इसे छोड़ने वाले नहीं हैं। देश में चाय की शुरूआत कब और कैसे हुई यह बताते हुए उन्होंने कहा कि चाय की शुरूआत एक कप चाय के साथ 5 पैसे देने से शुरू की गई थी। एक मग चाय के साथ 5 पैसे मिलते थे, 5 पैसों के लोभ में लोगों ने चाय पीना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे उन्होंने एक-एक पैसा देना कम कर दिया बाद में एक भी पैसा देना बंद कर दिया। आज 5 रूपये में एक कट चाय मिल रही है। आज हालत यह है कि बच्चा दूध नही पीना चाहता अंग्रेजों ने हमारी संस्कृति मिटा दी। भारतीय संस्कृति में सुबह उठकर दूध इसलिए पीते थे क्योंकि उसका दर्शन हीं मांगलिक होता है। दूध का गिलास सामने आना एक शगुन के बराबर होता है। तंत्र विद्या में आता है दूध-दही खिला दो। चाय को देखना अपशगुन है,पीना तो और भी अपशगुन है। ज्योतिष शास्त्रों के अनुसार शराब और गुटखा को बुरा माना गया है।

हमारे महापुरुषों ने दूध पीकर हमारी संस्कृति की रक्षा की है

5 पैसों ने हमारी संस्कृति लूट ली। आज कोई ऐसा व्यक्ति नही है जो चाय छोड़कर दूध पीना शुरू कर दे। चाय हमारे भारत का पेय नहीं है। इस देश में जितने भी भगवान और महापुरूष हुए उन्होंने चाय पीकर भारत की रक्षा नही की। दूध पीकर रक्षा की है। आज हम चाय के इतने आदि हो गए हैं। इसे गरीब तो गरीब अमीर भी पी रहे हैं। गरीब तो एक बार दूध पीकर रह जाएगा। लेकिन अमीरों के यहां सुबह की शुरूआत चाय पीकर होती है ब्लैक टी मांगी जाती है।

वार्डों में सभी कार्य प्राथमिकता से शुरू किए जाएंगे

शहर के सभी 22 वार्डों में 20-20 लाख की राशि से होंगे निर्माण

अशोकनगर। बुधवार को नगर पालिका परिषद अशोकनगर में महत्वपूर्ण पी.आई.सी. (परिषद की स्थायी समिति) बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने की, जिसमें नगर हित से जुड़े कई प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई।जिसमें महत्वपूर्ण यह है कि शहर के सभी 22 वार्डों में 20-20 लाख की राशि से निर्माण कार्य किए जाएगें। बैठक में निम्नलिखित प्रमुख विकास कार्यों को अनुमोदन प्राप्त हुआ। राजमाता चैराहा से नवीन बस स्टैंड होते हुए एचडीएफसी चैराहा तक डामरीकरण एवं दोनों ओर नाला निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार राजमाता चैराहा से शासकीय अस्पताल तक अंडर ब्रिज को छोड़कर गांधी पार्क होते हुए विदिशा रोड एचडीएफसी चैराहा तक डामरीकरण कार्य शामिल है। जिसे राज्य सरकार की स्पेशल असिस्टेंट राज्य केपीटल इंवेस्टमैंट योजना के अंतर्गत स्वीकृति प्राप्त हुई है। नगर के सभी 22 वार्डों में प्रत्येक को 20 लाख के निर्माण कार्यों की स्वीकृति, जिससे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। बैठक में नगर पालिका पार्षदगण महेन्द्र भारद्वाज, गीता आर्य, डॉ जयमंडल यादव, आशुतोष देवलिया, निक्की मोनू रघुवंशी, आयुषी जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान एवं नगर पालिका के अभियंता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि विकास कार्यों का लाभ प्रत्येक वार्ड के नागरिकों तक पहुंचे। यह स्वीकृतियां अशोकनगर को एक स्मार्ट और व्यवस्थित नगर के रूप में विकसित करने की दिशा में एक ठोस कदम है।

अपराध नहीं अब सम्मान से जीवन जैसे सकारात्मक अभियान के तहत लोगों को प्रेरित किया

सांसी समुदाय के 36 लोगों ने आत्मसमर्पण कर थामा समाज की मुख्यधारा का हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले के बोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कडियां में बुधवार दोपहर 1 बजे एक ऐतिहासिक सामाजिक परिवर्तन देखने को मिला, जब सांसी समुदाय के 36 लोगों ने अपराध का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया और समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का संकल्प लिया। आत्मसमर्पण करने वालों में ग्राम कडियां से 28 और गुलखेड़ी से 8 लोग शामिल हैं। इस आत्मसमर्पण कार्यक्रम का आयोजन जिला पुलिस राजगढ़ अधिक्षक अमित तोलानी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें अपराध नहीं अब सम्मान से जीवन" जैसे सकारात्मक अभियान के तहत लोगों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसडीओपी उपेंद्र सिंह भाटी ने सभी को नशा मुक्त रहने की शपथ भी दिलाई, जिससे समाज में एक नया संदेश गया।

पुलिस की बदली रणनीति अपराध नहीं, पुनर्वास प्राथमिकता

राजगढ़ पुलिस द्वारा उठाया गया यह कदम केवल कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की नई इबारत लिखने की ओर भी एक मजबूत कदम है। इस आत्मसमर्पण कार्यक्रम से यह स्पष्ट हुआ कि जब प्रशासन, जनप्रतिनिधि और समाज साथ मिलकर कार्य करें, तो किसी भी समुदाय को अपराध से निकालकर सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर किया जा सकता है। अब इन परिवारों को शासन द्वारा प्रशिक्षण, रोजगार और पुनर्वास से जोड़ने की दिशा में भी कार्रवाई की जाएगी, ताकि ये हमेशा के लिए समाज के जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

बोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कडियां सांसी से अपराध में पेश होने वाले आरोपी

राजेंद्र कुमार, आदित्य सिसोदिया, हर्षित सिसोदिया, अशोक सिसोदिया, राजूकुमार सिसोदिया, अफेरसर, संगीता बाई, राजकुमार, सेक्रेटरी उर्फ सिकंदर , कर्मो उर्फ करम सिंह निखिल , निखिल शास्त्री, ऋतिक सांसी, संतोष, अंशु ,सचिन, पिंकी बाई ,कंकू बाई गगन, चंद्र उर्फ चंदरिया प्रदीप, अरुण भानेंरिया, बादल ,जितेंद्र सिसोदिया ,राज सिसोदिया ,पारस सिसोदिया, विकास धापानी, मोंटी ,बाबू सिसोदिया। ग्राम गुलखेड़ी महेश सिसोदिया, विनीत सिसोदिया, हाकम, मजनू आनंद, बबलू सांसी सहित कुल 36 लोगों ने आत्म समर्पण किया।

उद्योग लगाने की मांग, ग्रामीणों की आवाज बुलंद

ग्रामवासी राजू सिसोदिया ने मौके पर विधायक मोहन शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी से ग्राम कडियां में उद्योग फैक्ट्री स्थापित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि गांव के अधिकतर लोग अनपढ़ हैं, उनके पास जीविका का कोई साधन नहीं है। इस पर विधायक मोहन शर्मा दादा ने आश्वस्त करते हुए कहा, आप यहां सकारात्मक माहौल बनाएँ, शासन और प्रशासन से चर्चा कर फैक्ट्री लगाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, युवा वर्ग और प्रशासनिक अमला उपस्थित रहा।

जपं सीईओ ने उच्चाधिकारियों को भेजा निलंबन का प्रस्ताव

जिंदा व्यक्तियों को पोर्टल पर मृत बताने वाले सचिव पर कार्रवाई

साहब हम जिंदा हैं, सचिव ने कागजों में कर दिया मृत घोषित कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचे लसुड़ली धाकड़ के छह आवेदक

राजगढ़। राजगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत लसुड़ली धाकड़ निवासी छह बुजुर्गों को कागजों में मृत घोषित किए जाने का मामला सामने आया है। समग्र पोर्टल से नाम हटने पर जब इन बुजुर्गों को मिलने वाली वृद्धावस्था पेंशन, राशन आदि बंद हो गए तो ये सभी मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे। फरियादी बुजुर्गों कलेक्टर को स्वयं आवेदन सौंपकर अपने जीवित होने का प्रमाण दिया।
लसुड़ली धाकड़ निवासी लक्ष्मीचंद पिता जगन्नाथ धाकड़, बद्रीलाल पिता देवचंद भील, कंचनबाई पत्नी भंवरलाल धाकड़, बालचंद पिता मोतीलाल बलाई, केशरसिंह पिता गोपीलाल धाकड़, भूलीबाई पत्नी भैरूसिंह ने बताया कि उनके जीवित होते हुए समग्र पोर्टल पर उन्हें मृत दर्शा दिया गया है। इसके चलते उन्हें मिल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे राशन, किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था पेंशन इत्यादि का लाभ नहीं मिल पा रहा है।
शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पंचायत सचिव ने दुर्भावनावश उनके नाम हटाए हैं। जब उन्होंने इस बारे में सचिव से पूछताछ की तो उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। वृद्धजनों की शिकायत पर डिप्टी कलेक्टर द्वारा पूरे मामले की जांच करवाई जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टोरेट में मंगलवार को हुई जिला स्तरीय जनसुनवाई में राजगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत लसुड़लिया धाकड़ के 6 बुजुर्गों ने समग्र पोर्टल पर मृत घोषित किए जाने की शिकायत की थी। शिकायतकर्ताओं ने पंचायत सचिव करण सिंह नागर पर दुर्भावनापूर्वक पोर्टल से नाम हटाने के आरोप लगाए थे।

इस मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कलेक्टर द्वारा राजगढ़ जनपद सीईओ को जांच सौंपी गई। जांच में सामने आया कि सचिव नागर की लापरवाही से उक्त छह ग्रामीणों के नाम पोर्टल से डिलीट कर दिए गए हैं। ऐसे में सीईओ ने नागर को सस्पेंड करने का प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया है। इसके साथ ही सचिव नागर की एक वेतनवृद्धि रोकने के लिए भी उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

तीन नाम जोड़े गए बाकी की कार्रवाई जारी

जनपद से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मामले में बालचंद पिता मोतीलाल, लक्ष्मीचंद पिता जगन्नाथ एवं बद्रीलाल पिता देवीचंद के आईडी समग्र पोर्टल पर जोड़ दिए गए हैं, वहीं शेष तीन नाम भी जोड़े जाने की कार्यवाही प्रचलित है।

एफआईआर के बाद अब विभाग ने भी की कार्रवाई

आजाद खान को सस्पेंड करने का प्रस्ताव डायरेक्टर को भेजा



कार्यालय : उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाऐ, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म0प्र0
क्रमांक 3130 / स्थापना / 2025–26 / राजगढ़, दिनांक 22/07/25
प्रति,
संचालक
पशुपालन एवं डेयरी विभाग
मध्यप्रदेश भोपाल
विषय :– निलंबन करने बावत्।
0000000
उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि श्री आजाद खॉन सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, पशु चिकित्सालय नरसिंहगढ़ (संलग्न पशु औषधालय पिपलोदी) के विरूद्ध थाना राजगढ़ में दिनांक 22.07.2025 एफआईआर दर्ज हुई है, एवं भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस), 2023 308 (6), भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस), 2023 79 एवं सूचना प्रोद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2000, 66 ई के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करते हुये पुलिस द्वारा गिरफ्तार करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया है।
अतः श्री आजाद खॉन, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, म0प्र0 सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 में दिये गये प्रावधान अनुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की अनुशंसा की जाती है।
संलग्न :– पंजीबद्ध एफ.आई.आर. की छायाप्रति
उपसंचालक
पशु चिकित्सा सेवाये,
जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म0प्र0
क्रमांक 3131 / स्थापना / 2025–26 / राजगढ़, दिनांक 22/07/25
प्रतिलिपि :–
1. कलेक्टर महोदय, जिला राजगढ़ की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
2. पुलिस अधिक्षक महोदय, जिला राजगढ़ की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
उपसंचालक
पशु चिकित्सा सेवाये,
जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म0प्र0

राजगढ़। एक विवाहिता महिला के आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए 50 हजार रुपए की अड़ीबाजी करने वाले पशु चिकित्सा विभाग के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी आजाद खान निवासी राजगढ़ पर कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी। आजाद खान पर एफआईआर दर्ज होने के बाद अब विभाग ने भी उन पर कार्यवाही प्रस्तावित की है।

पशु चिकित्सा विभाग के उप-संचालक महिपाल सिंह कुशवाह ने बताया कि आजाद खान को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने का प्रस्ताव विभाग के डायरेक्टर को भेजा गया है। चूंकि उनका कृत्य मप्र सिविल सेवा अचारण के प्रतिकूल है, ऐसे में उन्हें सस्पेंड किए जाने की अनुशंसा की गई है। उधर, हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों ने इस मामले को लव-जिहाद से जुड़ा हुआ बताते हुए तीखा निंदा की है।

नरसिंहगढ़ से पिपलोदी किए गए थे अटैच

आपको बतादें कि विभाग ने सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी आजाद खान को पशु चिकित्सालय नरसिंहगढ़ में पदस्थ कर रखा था। लेकिन, बाद में उन्हें राजगढ़ क्षेत्र के पिपलोदी पशु औषधालय में अटैच कर दिया गया था।

राजेंद्र जोशी गुर्जर गौड़ महासभा के राष्ट्रीय सचिव बने

राजगढ़। गुर्जर गौड़ ब्रहामण समाज महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने नगर निवासी राजेंद्र जोशी काका को महासभा के राष्ट्रीय सचिव पद पर नियुक्त किया है। जोशी को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर समाजजनों सहित नगर के प्रबद्धजनों में हर्ष व्याप्त है। उन्हें यह पद मिलने पर पूर्व विधायक पंडित हरिचरण तिवारी, एडवोकेट एचबी व्यास, नगर सभा अध्यक्ष पीयूष शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, शिवचरण शर्मा, विकास कौशिक, नवीन शर्मा, अशोक दुबे, राजेंद्र दुबे, बृजेश व्यास, वीरेंद्र पंचोली, विजय पंचोली, ओम शर्मा, दीनदयाल शर्मा, गिरिराज जोशी, कुंज बिहारी भरथरे, बृजमोहन सरावत, तेजेंद्र उपाध्याय, सुशील शर्मा, ज्योति प्रकाश वाजपेयी सहित अन्य ने शुभकामनाएं दी हैं।

कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं वार्ड 8 के बाशिंदे

विकास कार्यों हेतु राशि स्वीकृत करने मुख्यमंत्री को सौंपा पत्र

राजगढ़। नगर के वार्ड 8 में विभिन्न विकास कार्यों हेतु नगरीय प्रशासन विभाग से राशि स्वीकृत कराने की मांग को लेकर पार्षद प्रतिनिधि केपी पंवार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की। इस दौरान उन्होंने सीएम को एक मांगपत्र सौंपते जल्द राशि स्वीकृत करवाने का आगृह किया। सीएम को सौंपे गए मांगपत्र में वार्ड-8 संकट मोचन कॉलोनी में नाली निर्माण एवं सीसी रोड निर्माण, बाउन्ड्रीवाल एवं सामुदायिक भवन निर्माण, उचित विद्युत व्यवस्था हेतु आधुनिक पद्धति से बिजली पोल एवं केबलीकरण कार्य की मांग रखी गई है।

ऊर्जामंत्री तोमर से भी की भेंट

इसी कड़ी में पार्षद प्रतिनिधि पंवार एवं बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न्य सिंह तोमर से भी भेंट की। इस दौरान उन्हें वार्ड के प्रतापगंज क्षेत्र में लंबे समय से बिजली आपूर्ति व्यवस्था में आ रही बाधा, लो-वोल्टेज एवं बार-बार ट्रिपिंग की समस्या से अवगत कराया गया। तोमर को सौंपे गए पत्र में उल्लेख किया कि वार्ड-8 में स्थित ट्रांसफार्मरों की क्षमता कम होने एवं पुराने तारों के कारण विद्युत व्यवस्था बार-बार बाधित होती है। मंत्री तोमर ने विभाग के उच्चाधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए निर्देश दिए हैं।

भारतीय मजदूर संघ ने मनाया स्थापना दिवस, वक्ताओं ने बताया उद्देश्य

ब्यावरा। बुधवार को भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस मनाया गया। भारतीय मजदूर संघ की स्थापना को इस वर्ष 70 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस अवसर पर 23 जुलाई को जिला स्तर पर एक स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ प्रदेश मंत्री एवं संभाग प्रभारी श्रीमती मेघा दुबे एवं विशेष अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ पर्यावरण मंच के प्रदेश संयोजक पवन मेहता एवं विभाग प्रमुख गोपाल शर्मा का उद्बबोधन कार्यकर्ताओं को मिला।इस कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा भारतीय मजदूर संघ की स्थापना, उद्देश्य, सिद्धांतों एवं इसकी कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए संगठित श्रमिक आंदोलन के संबंध में मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री संजय शेखर शर्मा ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष राजेश सक्सेना, राज्यकर्मचारी संघ के जिला संयोजक नागेंद्र गुर्जर, हिंदू जागरण मंच जिला संयोजक अशोक मिश्रा, वरिष्ठ नागरिक जिला अध्यक्ष राजेंद्र सक्सेना, बापू सुमन, देवराज लोधी, राजेश मेवाड़े, सुरेश शर्मा, धीरज नागर, कृष्णा मालवीय, पार्वती लहरी, अनीता महाजन सहित कई लोग मौजूद रहे।

आज कपिलेश्वर महादेव मलावर पहाड़ी पर लगेगा भक्तों का मेला

ब्यावरा। मलावर नगर से 1 किमी दूर प्राचीन पहाड़ी कपिलेश्वर महादेव पर प्रतिवर्षानुसार सावन माह की अमावस्या पर गुरुवार को हजारों भक्तगण माता , बहन, महिला, पुरुष,बच्चे भगवान कपिलेश्वर महादेव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। प्राचीन मान्यता के अनुसर यहां भगवान भोलेनाथ कपिलेश्वर को नारियल श्रीफल का प्रसाद चढ़ाने से भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है
कपिल शर्मा महादेव पहाड़ी पर बहुत ही रमणीक हरियाली का नजारा देखते ही बनता है क्षेत्र के युवाओं के प्रयास से यहां समिति बनाई गई इस समिति का प्रयास से कपिलेश्वर महादेव पहाड़ी को खूबसूरत स्थल बनाया जाए साथ में कपिल सर कॉरिडोर बनाने के लिए प्रशस्ति पत्र से रुपरेखा बना जा रही है युवा साथी इस योजना पर बहुत तेज गति से कार्य कर रहे हैं साथ ही सीडीया निर्माण का कार्य भी जन सहयोग से किया जा रहा है यहां सामुद्धायिक भवन निर्माण के लिए पूर्व विधायक पुरूषोत्तम दांगी ,वर्तमान विधायक व राज्यमंत्री नारायण सिंह पवार, पूर्व विधायक रामचन्द्र दांगी की विधायक निधि से भी निर्माण कार्य कराया गया है स यहां पर अगर शासन- प्रशासन प्रयास करें तो पहाड़ी पर रमणीक और पर्यटन स्थल बनाया जाने की पूरी संभावनाएं हैं।

नालियों की निकासी, सड़क, स्ट्रीट लाइट व सफाई की व्यवस्था की मांग

ड्रीम होम सिटी कॉलोनीवासियों ने समस्याओं को लेकर नपाध्यक्ष व सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

सारंगपुर। नगर के वार्ड क्रमांक 16 स्थित ड्रीम होम सिटी कॉलोनी के रहवासियों ने बुधवार को कॉलोनी की विभिन्न मूलभूत समस्याओं के समाधान हेतु नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनेरे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कॉलोनीवासियों ने बताया कि क्षेत्र में जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई है। इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। कई घरों में लोग बीमार भी हो रहे हैं। साथ ही कॉलोनी में पक्की सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे बारिश के दिनों में भीषण कीचड़ फैल रहा है और राहगीरों तथा दोपहिया वाहन चालकों को फिसलने की घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों ने यह भी बताया कि कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं होने से अंधेरे में जहरीले जानवरों के घूमने व चोरी जैसी घटनाओं की आशंका बनी रहती है। वहीं क्षेत्र में सुअरों का आतंक भी बना हुआ है, जो न केवल गंदगी फैला रहे हैं, बल्कि लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन गए हैं।इसके अलावा कॉलोनी में बड़े-बड़े कंटीले पेड़ों की भरमार है, जो दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। नियमित सफाई कर्मचारी की नियुक्ति न होने से स्वच्छता व्यवस्था भी चरमराई हुई है।

ज्ञापन के माध्यम से कॉलोनीवासियों ने जलनिकासी, पक्की सड़क, स्ट्रीट लाइट, सफाई कर्मी की नियुक्ति, सुअरों को हटाने एवं कंटीले पेड़ों की कटाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में राधेश्याम शर्मा, राजेंद्र पटवा, मनीष गगरानी, शशिकांत नेमा, विजय पालीवाल, लखन मीणा, अभिषेक बार किया, सुनील पाटीदार एवं श्याम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

महाविद्यालय में छात्रों ने जाना राष्ट्रभक्ति का महत्व

बाल गंगाधर तिलक व चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, सारंगपुर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोईया द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि तिलक और आजाद जैसे क्रांतिकारियों के त्याग और बलिदान की बदौलत ही देश को स्वतंत्रता प्राप्त हुई। दोनों ही नेता गरम दल से संबंध रखते थे और अंग्रेजों को भारत से उखाड़ फेंकने के लिए निरंतर संघर्षरत रहे।

कार्यक्रम में डॉ. शिवराज सिंह राठौर, प्रभारी स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का विषय 'ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय सेना का पराक्रम' रहा। उन्होंने बताया कि यह अभियान पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा चलाया गया था, जो वीरता और साहस का प्रतीक है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सोनम करोड़िया ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राज्यपाल मंगूभाई पटेल तथा उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार की गरिमामयी उपस्थिति में भोपाल में आयोजित एक कार्यशाला का सीधा प्रसारण भी महाविद्यालय के छात्रों को दिखाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य, प्रोफेसरगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

उत्कृष्ट विद्यालय में साइकिल वितरण समारोह आयोजित

जीरापुर। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में साइकिल वितरण समारोह आयोजित हुआ। बुधवार को राज्य शासन के दिशा निर्देशानुसार 4 किलोमीटर से अधिक दूरी से विद्यालय में कक्षा छठी एवं कक्षा नौवीं में अध्ययन करने आने वाले विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी ने विधालय के 41 विधार्थियों को साईकिल प्रदान की। लाखन सिंह तोमर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ,दिनेश जमींदार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामबाबू पाटीदार, समन्वयक गजेंद्र शर्मा, प्राचार्य विनोद कुमार चैधरी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जहां पर अतिथि गणों द्वारा मां सरस्वती की पूजन कर कार्यक्रम शुरू किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि छात्रों को शासन के द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ लेने तथा अच्छे से अध्ययन कर अपने गांव परिवार का नाम रोशन करना चाहिए एवं मोबाइल से अध्ययन करने में मदद मिलती है। विधायक दांगी ने अपने बचपन के विद्यालय के अनुभव छात्रों के समक्ष प्रस्तुत कर छात्रों को प्रेरित किया की हमें अपने जीवन में सफल होने के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है जो छात्र जितना अधिक मेहनत करेगा उसको उतना ही फायदा होगा तथा छात्रों को प्रेरित करते हुए यह भी बताया कि इस विद्यालय से बच्चे डॉक्टर, आईं एस, इंजीनियर, शिक्षक, थानेदार तक पहुंचे हैं। आप लोग भी मेहनत कर अपना सर्वश्रेष्ठ स्थान शिक्षा के माध्यम से बना सकते हैं। उक्त कार्यक्रम में शिक्षक हरिश गुप्ता, भेरूलाल शर्मा, स्काउटर गोवर्धन लाल वर्मा, राकेश भावसार गिरिराज गुप्ता रेडीमेड, विजय भावसार, शैलेंद्र राठौड़, बालू पवार, लक्ष्मी नारायण दांगी, सीमा गुप्ता, शिवनाथ दांगी, शेफाली दांगी, अजय सेन रमेश चंद मेवाड़े, हेमराज सेन सहित विद्यालय का परिवार उपस्थित रहा। छात्रों को दूर रहना चाहिए , शासन द्वारा सरकारी स्कूलों को प्राइवेट विद्यालयों से भी अधिक विकसित किया जा रहा है। तथा विद्यालय में निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, लैपटॉप ,स्कूटी मध्याह्न भोजन , गणवेश वितरण एवं छात्रवृत्ति दी जाती है जिससे हमें

निविदा सूचना

जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय राजगढ़ नाम रमेश चंद्र जैन पिता राजमल जैन निवासी मंदाकिनी नगर पचोर पोस्ट पचोर तहसील पचोर जिला राजगढ़ ब्यावरा मध्य प्रदेश , रमेश चंद्र जैन के वाहन क्रमांक MP 39 C1929 मारुति सुजुकी की स्विफ्ट डिजायर कार तथा वाहन क्रमांक MP 39 MW 0629 होंडा मोटरसाइकिल है, रमेश चंद्र जैन की मृत्यु 11.05.2024 को हो गई है अतः रमेश चंद्र जैन के दोनों वाहन रमेश चंद्र जैन की पत्नि फूल कुंवर जैन के नाम होना है अगर किसी को आपत्ति है तो अपनी आपत्ति 7 दिवस के अंदर जिला परिवहन कार्यालय राजगढ़ में आकर दर्ज कर सकते हैं

आदेशानुसार
जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय राजगढ़